# CBSE Class 7 Social Science Important Questions Civics Chapter 1 समानता

---

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
लोकतंत्रीय सरकार के चार प्रमुख तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
लोकतंत्रीय सरकार के चार मुख्य तत्त्व ये हैं-

- सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
- संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान
- समानता और स्वतंत्रता
- न्याय।

प्रश्न 2.
भारत में वोट देने का अधिकार किसे प्राप्त है?
उत्तर:
सभी वयस्क नागरिकों, जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, को मत देने का अधिकार प्राप्त है।

प्रश्न 3.
भारत में वर्तमान में व्याप्त असमानता के किन्हीं दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:

- जातिगत असमानता
- लैंगिक असमानता।

प्रश्न 4.
शासन ने संविधान द्वारा मान्य किए गए समानता के अधिकार किन दो तरहों से लागू किया है?
उत्तर:
संविधान द्वारा मान्य समानता के अधिकार को शासन ने जिन दो तरहों से लागू किया है, वे हैं-

- कानून के द्वारा
- सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों द्वारा।

प्रश्न 5.
सरकार की योजनाएँ व कार्यक्रम किस प्रकार समानता लाते हैं?
उत्तर:

सरकार की योजनाएँ व कार्यक्रम सुविधाहीन समाजों की मदद करके अवसरों की समानता स्थापित करते हैं।

प्रश्न 6.
वोट डालने के लिए जैनसाहब भी कांता के साथ लाइन में खड़े थे। इससे कांता को कौन-सी समानता का एहसास हुआ?
उत्तर:
राजनीतिक समानता का।

प्रश्न 7.
कांता ने किस प्रत्याशी को वोट दिया?
उत्तर:
कांता ने उस प्रत्याशी को वोट दिया जिसने उसके मौहल्ले में पानी की पाइप लाने का वादा किया था।

प्रश्न 8.
संविधान क्या है?
उत्तर:
संविधान वह दस्तावेज है जिसमें देश की जनता व सरकार द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों और अधिनियमों को निरूपित किया गया है।

प्रश्न 9.
नागरिक अधिकार आंदोलन कब और कहाँ हुआ था?
उत्तर:
नागरिक अधिकार आंदोलन संयुक्त राज्य अमेरिका में 1950 के दशक के प्रारंभ में हुआ था।

प्रश्न 10.
नागरिक अधिकार आंदोलन में आंदोलनकारियों की माँग क्या थी?
उत्तर:
नागरिक अधिकार आंदोलन में आंदोलनकारियों (अफ्रीकी-अमेरिकन लोग) ने नस्लगत भेदभाव को समाप्त करने और समान अधिकार की माँग की।

प्रश्न 11.
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से क्या आशय है?
उत्तर:
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से आशय है-सभी वयस्क (18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु) नागरिकों को। बिना किसी भेदभाव के मत देने का अधिकार है।

प्रश्न 12.
ओमप्रकाश वाल्मीकि द्वारा लिखी गई पुस्तक का नाम लिखिए।
उत्तर:
'जूठन'।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
दलित शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
दलित-दलित एक ऐसा शब्द है, जिसे निचली कही जाने वाली जाति के लोग स्वयं को संबोधन करने के लिए प्रयोग में लाते हैं। दलित का अर्थ होता है-कुचला| हुआ या टूटा हुआ। इस शब्द का इस्तेमाल करके दलित यह संकेत करते हैं कि पहले भी उनके साथ बहुत भेदभाव होता था और आज भी हो रहा है।

प्रश्न 2.
ओमप्रकाश के पिता ने स्कूल में अपने पुत्र को झाडू लगाते देखकर अध्यापक से क्या कहा?
उत्तर:
ओमप्रकाश के पिता ने स्कूल में अपने पुत्र को झाडू लगाते देखकर शिक्षकों का साहसपूर्वक सामना किया और ओमप्रकाश का हाथ पकड़कर स्कूल से बाहर जाते हुए ऊँचे स्वर में सबको सुनाते हुए कहा. 'तुम एक शिक्षक हो...इसलिए अभी मैं जा रहा हूँ, लेकिन मास्टर इतना याद रखना...यह यहीं पढ़ेगा, इसी स्कूल में और अकेला यही नहीं, इसके बाद भी और भी बहुत-से यहाँ पढ़ने आयेंगे।"

प्रश्न 3.
समानता को स्थापित करने के लिए भारत के संविधान में क्या प्रावधान हैं?
उत्तर:
समानता को स्थापित करने के लिए भारतीय संविधान में प्रमुख ये प्रावधान हैं-

- कानून की दृष्टि में हर व्यक्ति समान है।
- किसी भी व्यक्ति के साथ उसके धर्म, जाति, वंश, जन्म स्थान और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता।
- हर व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर जा सकता है, जिनमें खेल के मैदान, होटल, दुकानें और बाजार आदि सम्मिलित हैं। सभी लोग सार्वजनिक कुओं, सड़कों तथा नहाने के घाटों का उपयोग कर सकते हैं।
- अस्पृश्यता का उन्मूलन कर दिया गया है।

प्रश्न 4.
समाज में असमानता के बने रहने का मुख्य कारण क्या है?
उत्तर:
समाज में असमानता के व्यवहार के बने रहने का मुख्य कारण दृष्टिकोण में बहुत धीमी प्रक्रिया से परिवर्तन होना है। यद्यपि लोग जाति, धर्म, वंश, लिंग के आधार पर भेदभाव करने अपराध से परिचित हैं इसके बावजूद वे कानून का पूरी तरह से पालन नहीं करते हैं। लोग अनेक आधारों पर दूसरों के साथ असमानता का व्यवहार करते हैं। वर्तमान दृष्टिकोण को बदलना तभी संभव है, जब लोग यह विश्वास करने लगे कि कोई भी कमतर नहीं है और हर व्यक्ति सम्मानजनक व्यवहार का अधिकारी है।

प्रश्न 5.
ओमप्रकाश वाल्मीकि को ठेस क्यों पहँची? इसका प्रतिरोध किस प्रकार किया गया?
उत्तर:

(i) ओमप्रकाश वाल्मीकि को उसके दलित होने के कारण स्कूल में उससे झाड़ू लगवाकर शिक्षकों व अन्य छात्रों ने उसके सम्मान को बुरी तरह आहत किया और उसे यह महसूस कराया कि वे विद्यालय के अन्य छात्रों के समान नहीं हैं, बल्कि उनसे कमतर हैं।

(ii) जब ओमप्रकाश वाल्मीकि के पिता ने अपने बेटे को स्कूल में झाड़ू लगाते देखा, तो उन्हें इस असमान व्यवहार पर क्रोध आया और उन्होंने शिक्षकों के समक्ष विरोध प्रकट किया।

प्रश्न 6.
अंसारी दम्पत्ति को ठेस क्यों पहुँची? उन्होंने इसका प्रतिरोध कैसे किया?
उत्तर:

- जब लोगों ने भिन्न धर्म के होने के आधार पर अंसारी दम्पत्ति को अपना मकान किराए पर देने से इनकार कर दिया, तब उनके सम्मान को चोट पहुंची।
- जब प्रॉपर्टी डीलर ने उन्हें नाम बदलने का सुझाव दिया, तब उनके आत्मसम्मान ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया और प्रॉपर्टी डीलर के सुझाव को ठुकरा दिया।

https://www.evidyarthi.in/